अमर उजाला 03/04/2025

**नैंसी ने अंतर-कॉलेज प्रतियोगिता में जीता प्रथम स्थान : अंबाला।** जीएमएन कॉलेज की बीए मनोविज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी ने शहर के डीएवी कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है।

यह अंतर-कॉलेज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ऑनलाइन पीपीटी निर्माण पर आधारित थी। प्रतियोगिता में पूरे राज्य के विभिन्न कॉलेजों ने भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त और मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ अनुपमा सिहाग ने नैंसी की इस उपलब्धि पर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नैंसी की इस उपलब्धि ने पूरे कॉलेज को गौरवान्वित किया है।

नैंसी को उनकी उपलब्धि के लिए प्रमाण पत्र और एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उनकी मेहनत और समर्पण का प्रतीक है, और यह उनके भविष्य के प्रयासों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा।